प्रेषक-

वायु नन्दन मिश्र

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/त्वरित न्यायालय प्रथम

मीरजापुर

सेवा में,

श्रीमान महानिबंधक

मा. उच्च न्यायालय इलाहाबाद

द्वारा,

श्रीमान जनपद न्यायाधीश

मीरजापुर

विषय - चल अचल संपत्ति से संबंधित विवरण का विलंब से प्रेषण करने के बावत स्पष्टीकरण के संदर्भ में।

महोदय,

विनम्रतापूर्वक ससम्मान माननीय उच्च न्यायालय के पत्र संख्या- **14325/IV-H-16/Admin A – IV/ Dated 03-Dec.-2021: Allahabad** के निर्देशानुपालन में विषयांकित प्रकरण के संबंध में सादर अवगत कराना है कि, मेरे द्वारा वित्तीय वर्ष 2013-14 लगायत 2018- 19 के चल अचल संपत्ति का विवरण समय से प्रेषित नहीं किया जा सका है। यह असमर्थता आशयित नहीं रही है बल्कि इसके पीछे ऐसी परिस्थितियां विद्यमान रही है जो अधोहस्ताक्षरी के नियंत्रण से बाहर थी। अप्रैल सन 2014 में अधोहस्ताक्षरी का स्थानांतरण जनपद रमाबाई नगर (कानपुर देहात) में हो गया, जो निवास हेतु आवंटित शासकीय आवास स्थित कानपुर नगर से लगभग 100 किलोमीटर से ज्यादा दूर था। अप्रैल 2014 से अप्रैल 2018 तक लगभग 4 वर्ष के कार्यकाल में प्रत्येक कार्य दिवसों में तथा अनेक अकार्य दिवसों में भी लगभग 100 किलोमीटर से ज्यादा की यात्रा करनी पड़ी। इस कारण इन वर्षों में अधिकतम समयावधि थकान पूर्ण कठिन यात्रा में व्यतीत हुई। इन्हीं वर्षों में सन 2014 में मेरा विवाह हुआ जिसमें अत्यधिक व्यस्तता रही। सन् 2014 में बाराबंकी से रमाबाई नगर (कानपुर देहात) स्थानांतरण के पश्चात आवास परिवर्तन की प्रक्रिया में कुछ सुसंगत प्रपत्र विलुप्त हो गए जिन्हें पुनः प्राप्त करने में भी अत्यधिक समय लग गया।

अग्रेतर सादर यह भी अवगत कराना है कि, उक्त वित्तीय वर्ष के मध्य पारिवारिक स्तर पर भी अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ा है। सन 2015 में मेरी माता जी को गंभीर मस्तिष्काघात हो जाने के कारण लंबी अवधि तक एस.जी.पी.जी.आई. लखनऊ से इलाज कराना पड़ा। सन 2016 में एक दुर्घटना में माता जी के पैर टूट जाने के कारण पुनः दिसंबर सन 2018 तक उनका ऑपरेशन एवं सेवा में अत्यधिक समय व्यतीत करने के साथ ही साथ शारीरिक एवं मानसिक स्तर पर कठोर परेशानियों का सामना करना पड़ा। सन 2019 में मेरे बड़े पिताजी एवं चचेरे भाई की मृत्यु के कारण पारिवारिक सुख शांति अव्यवस्थित रही। इसी मध्य सन 2020 में मेरी धर्मपत्नी के युवा छोटे भाई की एक दुर्घटना में मृत्यु हो गई जिस कारण मेरी धर्मपत्नी का मानसिक स्वास्थ्य खराब हो गया। उनका इलाज अभी भी जारी है।

उपरोक्त अकथनीय परेशानियों और बाध्यताओं के कारण ही अधोहस्ताक्षरी द्वारा वित्तीय वर्ष 2013-14 लगायत 2018 -19 तक के चल अचल संपत्ति का विवरण समय से 2019-20 तक प्रेषित नहीं किया जा सका है। मेरे द्वारा 2012-13 तक धारित चल अचल संपत्ति का विवरण वित्तीय वर्ष 2015-16 में पत्रांक संख्या 1906/XV. Dated 16-11-2015 जनपद रमाबाई नगर (कानपुर देहात) के माध्यम से प्रेषित किया जा चुका है। वित्तीय वर्ष 2013 -14 लगायत 2018-19 तक के चल अचल संपत्ति का विवरण इस पत्र के साथ प्रेषित किया जा रहा है।

अतः महोदय से अनुरोध है कि ऊपरिवर्णित परिस्थितियों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए मेरा प्रार्थना पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की कृपा करें।

माननीय न्यायालय से यह याचना है कि, उपरोक्त परिस्थितियों के दृष्टिगत अधोहस्ताक्षरी से कारित विलंब एवं त्रुटि के लिए क्षमा प्रदान करने की महान कृपा करें एवं प्रेषित विवरण स्वीकार करने की महती दया करें। अधोहस्ताक्षरी सदैव अंतःकरण से माननीय न्यायालय का आभारी रहेगा।

सादर

दिनांक – 18-12-2021

भवदीय

Vayu Nandan Mish
18.12.21

वायु नन्दन मिश्र

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/त्वरित प्रथम, मीरजापुर